जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/MMP/08 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शुक्रवार, 31 जनवरी 2020

अवैध निर्माणों के विरुद्ध आम जन का मिशन मास्टर-प्लान

मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर सैनी के 24 घंटे में बिना सैटबैक छोड़े किये गये अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का दावा हवा में|जे.डी.ए.पी.आर.एन. नार्थ-2 के प्रवर्तन अधिकारी श्री राम अवतार यादव एक महीने से दबा कर बैठे है पत्रावली|

पीआरएन नार्थ-||,में स्थित बक्षी मार्किट के पीछे,बजरी मंडी रोड के पास,200 फीट रोड,जयपुर की गैर अनुमोदित कोलोनी में बिना सेटबैक छोड़े और बिना नियम कायदों के होटलनुमा अवैध बिल्डिंग का हो रहा निर्माण

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,वैशालीनगर,302012 मोबाइल:-9828346151

एक माह पहले जे.डीसी. महोदय और अन्य आला अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था यह मामला|

स्थानीय निवासियों द्वारा इस मामले से अवगत करवाने पर हमारे द्वारा दिनांक 24/12/2019 को यह मामला जे.डी.सी. श्री टी. रविकांत और प्रवर्तन के आला अधिकारियों के संज्ञान में यह मामला लाया गया था परन्तु ज़ोन की रिपोर्ट के बावजूद प्रवर्तन अधिकारी श्री राम अवतार यादव इस मामले की पत्रावली को दबा कर बैठ गए है|

सेटबैक में किया अवैध निर्माण, जेडीए ने तोड़ा

जयपुर @ पत्रिका. सेटबैक में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने पर जेडीए की प्रवर्तन शाखा कार्रवाई में जुटी है। प्रवर्तन शाखा के अधिकारी सेटबैक में अतिक्रमण कर कब्जे की सूचनाओं को रजिस्टर में अलग से दर्ज कर रहे हैं और चौबीस घंटे के भीतर ऐसे निर्माण को ध्वस्त कर रहे हैं।

जेडीए की प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि पृथ्वीराज नगर दक्षिण में विनायक विहार के भूखंड संख्या 88 व 89 में सेटबैक में किए अवैध निर्माण को लोखंडा मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। सैनी ने कहा कि ऐसे अवैध निर्माण की सूची तैयार कर ली गई है और इनको ध्वस्त किया जाएगा।

पत्रिका Sun, 2 epaper

मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर प्रसाद सैनी ने किया था दावा,चौबीस घंटे में हटायेंगे बिना सेटबैक छोड़े अवैध निर्माण

गत माह एक मामले में पी.आर.एन. ज़ोन दक्षिण में बिना सेटबैक छोड़े बन रहे निर्माणों को ध्वस्त करने के बाद हरकत में आये मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर प्रसाद सैनी ने दावा किया था कि बिना सेटबैक छोड़े बन रहे अवैध निर्माणों को चौबीस घंटे के भीतर हटाया जाएगा|प्रवर्तन विभाग ऐसे बिना सेटबैक छोड़े बन रहे अवैध निर्माणों की सूची तैयार करवा रहा है|

जिम्मेदार कौन?	
सम्बंधित ज़ोन	ज़ोन-पीआरएन नार्थ-सेकंड
मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक	श्री रघुवीर प्रसाद सैनी
कार्यवाही हेतु सक्षम अधिकारी(प्रवर्तन स्तर पर)	प्रवर्तन अधिकारी;श्री राम अवतार यादव

बिना जे.डी.ए. के प्रवर्तन अधिकारी से सांठगाँठ के मुमकिन नहीं इस अवैध बिल्डिंग का निर्माण

इस बिल्डिंग के अग्र भाग का निर्माण पहले बहुत धीरे धीरे करवाया गया,फिर देखते ही देखते पांच मंजिला अवैध बिल्डिंग का निर्माण कर लिया गया,अब भवन मालिक द्वारा बड़े शातिर तरीके से पीछे के भाग में विशालकाय होटलनुमा बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है जो कि बिना प्रवर्तन अधिकारी से सांठ गाँठ के होना ना मुमकिन सा है|सवाल यह है कि किस प्रवर्तन अधिकारी के कार्यकाल में इस बिल्डिंग का निर्माण शुरू हुआ और किसके कार्यकाल में यह अवैध निर्माण सिर ऊँचा किये जा रहा है?